दैनिक

प्रातः कालीन

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 132 मुरादाबाद, 01 September 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

संक्षिप्त समाचार

आसमान में दिखा अद्भुत खगोलीय नजारा,20 साल बाद धरती के इतने नजदीक आया चांद,देखते ही ठहर गए लोग

सुपर ब्लू मून सामान्य दिनों की तुलना में 40 फीसदी बड़ा और 30 फीसदी अधिक चमकीला नजर आता है। ब्लू मून में चंद्रमा नीला नहीं दिखाई देता है। वह थोड़ा हल्का नारंगी या पीला नजर आता है। चंद्रमा नीला तभी दिखाई देता है, जब आसपास बहुत ज्यादा प्रदूषण हो।सावन पूर्णिमा पर आकाश में खगोलीय घटना ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। चांद के धरती के नजदीक आने के कारण रात को हर किसी ने सुपर ब्लू मून का दीदार किया। ज्योतिष और खगोल शास्त्र की अद्भुत घटना हर 20 साल बाद आसमान में नजर आती है। चंद्रमा का धरती के नजदीक आने पर द्वादश राशियों पर भी इसका प्रभाव पड़ता है।संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि सुपर ब्लू मून सामान्य दिनों की तुलना में 40 फीसदी बड़ा और 30 फीसदी अधिक चमकीला नजर आता है। ब्लू मून में चंद्रमा नीला नहीं दिखाई देता है। वह थोड़ा हल्का नारंगी या पीला नजर आता है। चंद्रमा नीला तभी दिखाई देता है, जब आसपास बहुत ज्यादा प्रदूषण हो। धूल के कण हवा में बिखरने के कारण चंद्रमा का रंग नीला नजर आता है। श्रावण पूर्णिमा पर चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट था। रात 8:37 बजे सुपर ब्लू मून अपने पूर्ण आकार और चमक के साथ आसमान में नजर आया। ज्योतिषाचार्य दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने बताया कि खगोल विज्ञान के अनुसार ब्लू मून की घटना तो दो से तीन वर्ष में एक बार घटती है लेकिन सुपर ब्लू मून लगभग दस वर्षों में एक बार आता है। हालांकि इस बार यह 20 साल बाद घटित हुई। अगला सुपर ब्लू मून अब साल 2037 में पड़ने की संभावना है। इस तरह बनती है ब्लू मून की स्थिति दैवज्ञ कृष्ण शास्त्री ने बताया कि चांद 354 दिनों में 12 लूनर चक्र पूरे करता है। एक साल में 12 महीने होते हैं और हर महीने में एक बार पूर्णिमा तिथि आती है। कैलेंडर के हिसाब से चंद्रमा पृथ्वी के साल भर में 12 बार पूर्ण परिक्रमा करता है और उसमें 11 दिन ज्यादा होते हैं। अगर हर साल इन 11 दिनों को जोड़ दिया जाए तो दो साल में 22 और तीन साल में 33 दिन हो जाते हैं। इस तरह 33 दिनों की वजह से हर दो से तीन साल में एक पूर्णिमा तिथि अतिरिक्त जुड़ जाती है। यानी 13वीं पूर्णिमा तिथि 2.5 वर्षों में दिखती है, जिससे ब्लू मून की स्थिति बनती है।

सर्किट हाउस का सच: जहां भूतों का खौफ वहां सीएम योगी ने यूं बिताई एक रात...फिर बताया सन्नाटे में क्या हुआ था

आगरा के सर्किट हाउस का सच क्या है, यह जानने के लिए लोगों की अच्छा बढ़ गई है। दरअसल यहां भूतों का खौफ है ऐसी कहानी प्रचलित थी। फिर यहां सीएम योगी ने रात बिताई और बताया कि यह मात्र एक मिथक है। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने आगरा के सर्किट हाउस से जुड़े मिथक फिक्की के सम्मेलन में जब उजागर किए तो लोगों की रुचि सर्किट हाउस के बारे में जानने के लिए बढ़ गई। ब्रिटिशकाल में साल 1900 में बनकर तैयार हुआ आगरा का सर्किट हाउस अपने आप में रहस्यों और रोमांच की कई दास्तां को समेटे हुए है। ब्रिटिशकाल में आगरा के कमिश्नर की बेटी ने भूतों पर आधारित अपनी काल्पनिक कहानियों का उपन्यास लिखा तो उसके बाद चर्चाएं चल निकलीं। अमेरिकी पब्लिशर ने ब्रिटिश कमिश्नर की बेटी के इस उपन्यास को प्रकाशित किया था। आजादी के बाद सर्किट हाउस में भूतों से जुड़े किस्से कहानियां कम ही सुनाई दीं।

वर्ष 1899 में लॉर्ड कर्जन ने कराया था निर्माण

सिविल सोसायटी के सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार राजीव सक्सेना के मुताबिक साल 1899 में लॉर्ड कर्जन ने सर्किट हाउस का निर्माण शुरू कराया था, जो एक साल में बनकर तैयार हुआ। साल 1900 से यहां ब्रिटिश अधिकारी और फिर आजादी के बाद संवैधानिक पदों पर तैनात रहे अधिकारी, नेता आते रहे हैं। जिस जगह पर सर्किट हाउस बना है, वह पहले पोलो का मैदान था। ब्रिटिशकाल में कोठी मीना बाजार में ही लेफ्टिनेंट गवर्नर का निवास था, लेकिन बाहर से आने वाले बड़े ब्रिटिश अधिकारियों के रुकने के लिए कोई जगह नहीं था। तब पोलो के मैदान में सर्किट हाउस बनाया गया। यहां फ्रेंच घुड़सवार सेना रहती थी, जिसे कर्नल जेम्स स्किनर ने तैयार किया था।

छत पर चढ़कर चौ. चरण सिंह ने देखा था नजारा

मुख्यमंत्री के रूप में आगरा के सर्किट हाउस में चौ. चरण सिंह से लेकर नारायण दत्त तिवारी, मुलायम सिंह, कल्याण सिंह आदि आ चुके हैं,

लेकिन चौ.चरण सिंह जब सर्किट हाउस में रुके तो सुईट नंबर एक की सभी खिड़कियों को खोलकर ही सोए। सुबह उठते ही वह टहलने के बाद इसकी छत पर चढ़ गए थे। जहां से उन्होंने हरियाली का नजारा देखा था। चार सुईट वाले इस सर्किट हाउस के पास शानदार लैंड स्केपिंग है, जो लॉर्ड कर्जन की इच्छा पर तैयार की गई थी। यह देश के सबसे प्राचीन सर्किट हाउस में से एक है।

सीएम के लिए आगरा मनहूस, टूटा मिथक

दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश के प्रमुख औद्योगिक संगठन फिक्की की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने आगरा के सर्किट हाउस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आगरा के सर्किट हाउस में भूत का खौफ दिखाकर रुकने नहीं दिया जाता था। इस पर उन्होंने अफसरों से कहा कि वह आगरा के सर्किट हाउस में ही ठहरेंगे।

वह भूतों के साथ संवाद करेंगे। वह रात में रुके और भूतों की चहलकदमी का मिथक तोड़ा।

आत्महत्या करने वाले बर्खास्त कंडक्टर के परिवार से मिले अखिलेश यादव, बोले-भाजपाई बीमार नहीं समझदार बनें

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक बर्खास्त कंडक्टर मोहित यादव ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। उसके परिवार के लोगों ने सैफई जाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस पर अखिलेश ने उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। उनके साथ कानूनी लड़ाई में सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। मैनपुरी में आत्महत्या करने वाले बर्खास्त कंडक्टर के परिवार से अखिलेश यादव ने सैफई में मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भाजपाई बीमार नहीं समझदार बनें। मोहित के मृतक के भाई रोहित, मनोज कुमार, पत्नी रिंकी, पुत्र शिवांश, मां सुषमा देवी, पिता राजेंद्र सिंह गुरुवार की सुबह सैफई पहुंचे। यहां उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात करके बेटे की आत्महत्या की बात बताई। इस पर सपा मुखिया ने उन्हें सांत्वना दिया। हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष आलोक, एमएलसी मुकुल यादव, नगर पंचायत केरल के अध्यक्ष अब्दुल नईम भी साथ रहे।अखिलेश यादव ने ट्विटर (एक्स) पर मैसज लिखते हुए कहा कि, उप्र परिवहन से निलंबन के सदमे के कारण आत्महत्या करने पर मजबूर हुए स्व. मोहित यादव के परिजनों से मिलकर उनका दुख बांटा। हर हालात में उनके साथ खड़े रहने व हर तरह से मदद करने का सच्चा आश्वासन दिया। उन्होंने आगे लिखा कि, इस बारे में बस इतना और कहना है कि भाजपा के नेता, उसके कार्यकर्ता, समर्थक और मतदाता इतना बताएं कि क्या ये सब जायज़ है। इतनी घृणा दिलों में रखने से भाजपाई क्या खुद को बीमार नहीं कर रहे हैं। अगर किसी के दुख से भाजपाइयों को सुख मिल रहा है, तो ये आदत एक दिन भाजपाइयों को अपनों से भी दूर कर देगी%। भाजपाई बीमार न बनें, समझदार बनें!

चंदामामा के आंगन में जैसे खेल रहा हो..., नए वीडियो में गोल-गोल घूमता दिखा प्रज्ञान रोवर

इसरो द्वारा जारी नए वीडियो में रोवर खास अंदाज में दिख रहा है। रोवर सुरक्षित मार्ग की तलाश में गोल-गोल घूम रहा है। रोटेशन को लैंडर इमेजर कैमरे ने कैद किया है। इसरो ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ऐसा महसूस हो रहा है मानो कोई बच्चा चंदामामा के आंगन में अठखेलियां कर रहा हो और मां प्यार से देख रही हो।चंद्रयान 3 की चांद पर सफल लैंडिंग के बाद अब प्रज्ञान रोवर और लैंडर विक्रम नई-नई तस्वीरें साझा कर रहे हैं। इस बीच आज फिर इसरो ने लैंडर द्वारा बनाई गई एक वीडियो जारी की है। जैसे चंदामामा के आंगन में अठखेलियां कर रहा हो... इस वीडियो में रोवर खास अंदाज में दिख रहा है। दरअसल, वो सुरक्षित मार्ग की तलाश में गोल गोल घूम रहा है। रोटेशन को लैंडर इमेजर कैमरे द्वारा लिया गया है। इस पर इसरो ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ऐसा महसूस हो रहा है मानो कोई बच्चा चंदामामा के आंगन में अठखेलियां कर रहा हो और मां प्यार से देख रही हो।चांद पर सल्फर की फिर हुई पुष्टि-इससे पहले इसरो ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर विक्रम लैंडर द्वारा जारी एक और फोटो पोस्ट किया था। इसमें रोवर लेजर-प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप उपकरण द्वारा चांद पर नए तत्वों को खोजते देखा जा रहा है। इसरो ने बताया कि इस उपकरण ने भी अब चांद पर सल्फर होने की पुष्टि की है। पहले भी हो चुकी पुष्टि- चांद पर सल्फर, ऑक्सीजन, टाइटेनियम, मैंगनीज, सिलिकॉन और आयरन समेत कई तत्व मिलने की पुष्टि इसरो पहले भी कर चुका है।

राजा भैया की पत्नी के खिलाफ उनकी साली ने दी तहरीर, न्यूज चैनल पर आपत्तिजनक कार्यक्रम के प्रसारण का आरोप

हजरतगंज में स्थित एक अपार्टमेंट में राजा भैया की साली रहती हैं। उन्होंने तहरीर में बताया है कि 28 अगस्त की शाम में वह एक चैनल पर न्यूज देख रही थीं। इस दौरान राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी सिंह के तलाक के केस से संबंधित विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया गया। विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की साली ने बुधवार को हजरतगंज थाने में एक तहरीर दी। उन्होंने बड़ी बहन भानवी सिंह (राजा भैया की पत्नी) और एक न्यूज चैनल के पत्रकार, एंकर व वाइस चैयरमैन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि चैनल पर उनसे संबंधित आपत्तिजनक स्टोरी प्रसारित की गई, जिससे वह आहत हैं। हजरतगंज पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है। हजरतगंज में स्थित एक अपार्टमेंट में राजा भैया की साली रहती हैं। उन्होंने तहरीर में बताया है कि 28 अगस्त की शाम में वह एक चैनल पर न्यूज देख रही थीं। इस दौरान राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी सिंह के तलाक के केस से संबंधित विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया गया। इसमें संवाददाता ने उनके जीजा राजा भैया से अवैध संबंध बताए। इसके अलावा अन्य कई गंभीर और आपत्तिजनक आरोप लगाए। उनका कहना है इससे उनका चारित्रिक हनन हुआ है। इसमें उनकी बहन भानवी सिंह और न्यूज चैनल के पत्रकार, एंकर व वायस चेयरमैन की भूमिका है। उन्होंने इन सबके खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

PM मोदी ने विश्व संस्कृत दिवस की दी शुभकामनाएं, कहा- संस्कृतेन सह भारतस्य संबन्धः विशिष्टः

पीएम मोदी ने विश्व संस्कृत दिवस के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारत का संस्कृत से खास रिश्ता है। उन्होंने संस्कृत में ङ्ग पर किए गए एक पोस्ट में कहा- विश्वसंस्कृतदिवसे मम शुभकामनाः। अहं सर्वान् अभिनन्दामि ये एतदर्थं भावुकाः सन्ति। संस्कृतेन सह भारतस्य संबन्धः विशिष्टः। प्रधानमंत्री ने लोगों से संस्कृत का एक वाक्य साझा करने की भी आग्रह किया।आज विश्व संस्कृत दिवस है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारत का संस्कृत के साथ बेहद खास रिश्ता है।पीएम मोदी ने लोगों से किया खास आग्रह- पीएम मोदी ने %एक्स% पर किए गए एक पोस्ट में कहा, मैं उन सभी की सराहना करता हूं, जो इसके बारे में भावुक हैं। भारत का संस्कृत के साथ बेहद खास रिश्ता है। प्रधानमंत्री ने लोगों से संस्कृत का एक वाक्य साझा करने का भी आग्रह किया।

दुनिया भर के लोग सीखेंगे भारत की संस्कृति

संस्कृत में किए गए एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने आगामी दिनों में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि भारत की मेजबानी में होने वाले इस सम्मेलन में दुनिया भर से लोग भारत आएंगे और यहां की महान संस्कृति के बारे में सीखेंगेपीएम मोदी ने मन की बात में किया था जिक्र-पीएम मोदी ने 27 अगस्त को रेडियो पर प्रसारित मासिक कार्यक्रम मन की बात में भी विश्व संस्कृत दिवस का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि इस बार उन्हें संस्कृत में भी बहुत पत्र मिले हैं, क्योंकि सावन मास की पूर्णिमा को इस बार विश्व संस्कृत दिवस मनाया जाएगा। संस्कृत में लोगों को लेकर बढ़ा गर्व का भाव- प्रधानमंत्री ने कहा कि आज लोगों में संस्कृत को लेकर जागरूकता और गर्व का भाव बढ़ा है। इसके पीछे बीते सालों में देश का विशेष योगदान भी हैं। उन्होंने कहा कि तीन संस्कृत डीम्स विश्वविद्यालयों को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया गया है। पॉपुलर हो रहे संस्कृत केंद्र-प्रधानमंत्री ने कहा कि अलग-अलग शहरों में संस्कृत विश्वविद्यालयों के कई कॉलेज और संस्थान भी चल रहे हैं। आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में भी संस्कृत केंद्र काफी पॉपुलर हो रहे हैं। क्यों मनाया जाता है विश्व संस्कृत दिवस?-विश्व संस्कृत दिवस हर साल 31 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन संस्कृत भाषा को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। संस्कृत को देववाणी यानी देवताओं की वाणी भी कहा जाता है।

संपादकीय Editorial

Checkerboard questions

For the first time, the monsoon session is waiting for the monsoon. It has to be seen which way the camel will sit in the upcoming session of Himachal Vidhansabha after the deep anguish of the disaster. If the draft of the seven meetings from 18 to 25 September could keep the level of discussion high, then it would be known how sensitive politics is in such matters. This is an opportunity to re-understand Himachal and also a chance to know non-politically how comfortable and capable we are in adverse circumstances. At least till now, amidst the cries of disaster, politics has been beating its own drums. The allegations of the opposition and the solutions of the ruling party have been clashing in some places, while in the midst of the biggest tragedy of the century, the efforts of the Sukhu government have been appreciated. In such a situation, to what extent the state is able to control itself or to what extent the politics will change in view of the relief and rescue works, it will definitely be known in the next session. For those who need to excel in the cream of power or who are in a hurry to score points in the tongue of the opposition, will this competition stop for a while. Amidst all the signs of bad times, the public is waiting for a pleasant feeling. The session of the Vidhan Sabha can mention the self-strength required to stand up. Although the demand for a special session was raised during the disaster itself, the government first calculated itself and gave importance to the process of reforming all the immediate needs. Apparently many economic junctures of the state have broken down, clouds of recession have emerged in the markets, but Himachal's own expenses are intact. In such a scenario, asking questions to the government is a different matter, but this time, on the questions of rain, the thinking will also come to the fore that those whom we elect and send to the Vidhan Sabha, how inventive they are in adverse circumstances. Will they see the flaws of the past or start a new sensitivity towards the future. The question can also be regarding the annual holidays of the schools, because the manner in which the department has been announcing them has failed miserably. If our disaster preparedness failed miserably, many models of development fell apart, so will our people's representatives be able to analyze them on their own. Here the issue is also of the rights of Himachal and the vision of the Centre.

Will the BJP pass the monsoon session defending its government at the Center or will it announce any new initiative? There is no doubt that the common man has also come to know that the rains have badly affected the state and no clear assurance has been received from the Center to bridge the loss of ten thousand crores, but even in the rains, big dams will not work. By saving the full capacity of water, the water released in the part of Himachal has wreaked havoc. The drops of sorrow that rained on Himachal in the captivity of water were not of Himachal only, then the bowls of debate cannot be vessels of alms. Who came to observe the natural devastation of Himachal?

Till yesterday in Himachal or the state which used to lift the neck of the Prime Minister's road shows before the elections, did the neck turn as soon as he lost power. After all, why did the utility of the citizens of this state become so weak during the disaster that now there is not even a single glance of the central government's priorities. In such a situation, there will be a test of honesty of politics on Himachali questions in the assembly session.

Another example of absurd opposition, in Tamil Nadu the opposition to words like Indian, Code, Justice or Evidence is ridiculous

Regarding the Hindi name of these Bills, the DMK said that efforts are being made by the Central Government to impose Hindi on us. Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin said that giving Hindi names to these bills is linguistic imperialism. He also said this absurd thing that now Prime Minister Modi and BJP do not have the right to use the word Tamil. In the last session of the Parliament, the draft of three new bills to replace the IPC, CrPC and Evidence Act was presented in the Parliament by Union Home Minister Amit Shah. These Bills - the Indian Judicial Code, the Indian Civil Defense Code and the Indian Evidence Act have been referred to a parliamentary committee for further detailed consideration. These laws were made by the British. They underwent minor modifications over time, but basically they remained much the same as the British built them. That is why it has been said that these laws are a legacy of colonialism. No doubt, the demand of opposition leaders and legal experts is correct that the Indian Judicial Code, the Indian Civil Protection Code and the Indian Evidence Act need further deliberations, but they only demand are not doing. Some opposition leaders are also demanding that the Hindi names given to these bills should be removed. This demand is being made even after this that these bills will be made in English only. Their name must be in Hindi, but their content will be in English only. Regarding the Hindi name of these Bills, the DMK said that efforts are being made by the Central Government to impose Hindi on us. Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin said that giving Hindi names to these bills is linguistic imperialism. He also said this absurd thing that now Prime Minister Modi and BJP do not have the right to use the word Tamil. It may be known that the Prime Minister often quotes Tamil poets in his speeches. Along with Stalin, his party's senior leader and spokesperson TKS Elangovan also made an absurd statement that the word Indian is being used instead of India in the proposed Bills because they are afraid of the word India. Other DMK leaders are also saying yes to Stalin. It is another matter that just three-four days back, an advertisement of the Stalin government was published on the front page of some Hindi dailies published from Delhi. It was in Hindi. It was written in Hindi.. 'Chief Minister's Morning Meal Scheme for the first time in India. Mr. MK Stalin will launch today..' You may also remember that in Tamil Nadu where Hindi speaking people live, during assembly elections DMK and other parties put up posters in Hindi to woo voters. Let's go In the first meeting of the parliamentary committee on the proposed three bills related to the criminal justice system, DMK MP Dayanidhi Maran raised his objection on the Hindi names of these bills. The DMK is not the only one objecting to the proposed Bills being given Hindi names. The Madras Bar Association passed a resolution on 23 August opposing the Hindi renaming of the Bills. In the resolution passed in the general body of the Madras Bar Association, it was also said that naming these Bills in Hindi is against the provisions of the Constitution. Keep in mind that on this day the lander of Chandrayaan-3 landed on the south pole of the Moon. There is hardly any media organization in the world, which has not used the word Chandrayaan. It is a matter of pride that the DMK did not object to the name of this third moon mission of ISRO as Chandrayaan-3. It is not that the DMK, which is looking for an excuse to oppose Hindi, has opposed the Hindi names of the three bills introduced in the Lok Sabha to reform the criminal justice system. Leaders of some other parties are also involved in this protest. Among them is senior Congress leader P. Chidambaram. They say that it is difficult to even pronounce these bills with Hindi names. This is the same Chidambaram, who occasionally tweets or posts in Hindi. On the same August 2, he posted in Hindi on Twitter (now X), 'How much more time will it take for the allegations made by the Supreme Court on the Manipur government to reach the PMO in Delhi and the CMO in Imphal?' Chidambaram when Home Minister in the Manmohan Singh government When he started his address in Hindi in a program on Hindi Day, he said, 'Hindi is the language of common people and it has become the language of employment.' This is also a reality and that is why South and Northeast India Many people are learning and understanding Hindi. In Tamil Nadu too, the number of people who speak and understand Hindi has increased rapidly, but the leaders there are not only eager to oppose Hindi, but also find opportunities to incite anti-Hindi sentiments. Due to this, they sometimes cross the limit of superstition. People of every language should be proud of their language, but they should also understand that by unnecessarily opposing Hindi, they are contributing to the hegemony of English. There is no justification that the leaders of Tamil Nadu are Indian, Code, Justice or Evidence. Get enraged as soon as you hear the words. They are doing this to shine their politics. Today non-Tamil speaking people are aware of many Tamil words. For example Jallikattu, which is a bull fighting sport. The leaders of Tamil Nadu should be aware that today there is no language which has not adopted words from another language.

China will not improve, India should be vocal about Tibet; Increase relations with Taiwan

The western countries are also feeling the arbitrary attitude of China very well and their opposition leaders are also raising their voice against its antics in one voice. On the contrary, the situation is different in India. Many leaders of our country put the Modi government in the dock regarding the aggressive attitude of the Chinese army, but do not utter a single word towards China. The way arrogant China, intoxicated by its economic power, is defying international rules and regulations. By showing Arunachal Pradesh as its part in its new map, China has made it clear that it has no interest in normalizing relations with India. Earlier, he has named some parts of Arunachal in Chinese language. Similarly, recently it dared to issue stapled visas to some players from Arunachal, in protest against which India stopped other players from going to China. The initiative to ban Pakistan's notorious terrorist leaders in the Council has failed. There can be no bigger example of hypocrisy than that a country calls itself an opponent of terrorism and also defends terrorist leaders. Intoxicated by its economic power, the way arrogant China is defying international rules and regulations, it is becoming a threat to the world order. Now it is not hidden from anyone that how he is exploiting the poor countries by trapping them in debt trap. The way China has included the South China Sea in its new map ignoring international laws, it is a reflection of its colonialist mindset. Western countries are also feeling China's arbitrary attitude and their pros and cons The leaders are also raising their voice against his antics in one voice. On the contrary, the situation is different in India. Many leaders of our country put the Modi government in the dock regarding the aggressive attitude of the Chinese army, but do not utter a single word towards China. Rahul Gandhi is at the forefront in this matter. He repeatedly makes false allegations that China has grabbed our land and the Prime Minister is doing nothing. It is difficult to understand why he talks to please China. Is it because the Congress and the Chinese Communist Party have made an agreement? The Congress neither explained why this agreement was made nor what was the need for the Rajiv Gandhi Foundation to collect donations from the Chinese Embassy. It is okay that India bluntly said on China's latest act that Arunachal is and will remain an integral part of us, but it will have to do something else, because China says something and does something. It cannot be overlooked how in the recent BRICS summit, China first requested for talks between its President and the Indian Prime Minister and then retracted. The time has come for India to be vocal about Tibet on the one hand, while on the other hand it should also increase relations with Taiwan.

Farmer's sons rocked

In the World Athletics Championships, Indian golden boy Neeraj Chopra started his campaign strongly, clearing a distance of 88.77 meters in his first attempt to enter the final.Indian golden boy Neeraj Chopra started his campaign in the World Athletics Championships. Starting off strongly, he cleared a distance of 88.77 meters in the very first attempt to enter the finals. It was his season's best and third career best throw in the javelin throw. Along with him, India's other javelin thrower Manu BP finished third in Group A with a second attempt best throw of 81.31m. While the third athlete, Kishore Jena, made it to the finals with a best throw of 80.55. All three Indian athletes reaching the final together is an achievement in itself. Neeraj Chopra also qualified for the Paris Olympics with this. Javelin throw has existed since ancient times. Earlier people used this technique for hunting etc. but its popularity converted it into an international sport. Today this game is popularly known as Javelin Throw. The javelin throw men's event is called decathlon, while the women's event is called heptathlon. After Neeraj Chopra became the world number one player in javelin throw in India, many youths of the country were attracted to this sport. Neeraj Chopra represented India in the Tokyo Olympics 2021 by winning the gold medal in the final of Javelin Throw. After this Neeraj never looked back. India won its first medal in athletics 121 years ago. After this Neeraj Chopra registered his name in history by winning gold medal in athletics, consider it a coincidence or something else. All the three athletes who have reached the finals of the World Championship are sons of farmers. Neeraj Chopra is the son of a rice farmer from Haryana. Kishore Jena is the son of a coffee farmer from Odisha. While Manu BP is also the son of a coffee producing farmer from Karnataka. Till now the life of Kishore Jena and Manu BP was spent in the fields. The journey of his success started only after Neeraj's achievement. Kishore Jena had resolved that if Neeraj could do it, then he too could do it. In 2017, he touched the figure of 72 metres. In September 2021, he touched 76 meters for the first time .

पार्टी नेताओं के बड़बोलेपन से कांग्रेस की फजीहत

मुरादाबाद-कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व वर्तमान में पीसीसी सदस्य पंडित देशराज शर्मा ने सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ तहरीर दी समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बड़बोलेपन का रोग जिले में कांग्रेस नेताओं को लग गया है। इससे जिले में लोकसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन में दरार दिख रही है। इससे कांग्रेस की फजीहत भी हो रही है। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा हिंदू धर्म और देवी देवताओं के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने से जिले में कांग्रेस के कुछ नेता बेहद आहत हैं और उन्हें कतई बख्शने के मूड में नहीं हैं। चंद दिन पहले कांग्रेस मानवाधिकार विभाग के जिलाध्यक्ष गंगाराम शर्मा ने स्वामी प्रसाद मौर्य की जीभ काटने वाले को 10 लाख रुपये इनाम देने की घोषणा दी थी। हालांकि अगले ही दिन पार्टी के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने इस बयान को उनकी निजी राय बताते हुए पार्टी से कोई सरोकार न होने की बात कही। जिस पर गंगाराम शर्मा ने अपना बयान वापस लेने की घोषणा कर दी। मगर एक दिन बाद ही अब कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष और वर्तमान में पीसीसी सदस्य पंडित देशराज शर्मा ने सपा नेता के हिंदू धर्म विरोधी बयान को लेकर उनके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सिविल लाइंस थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की तहरीर देकर मामले को तूल दे दिया है। जिससे कांग्रेस फिर असहज हो गई है। उनका कहना है कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या हिंदुओं के धर्मग्रंथों, देवी देवताओं का अपमान कर रहे हैं। उनके खिलाफ कड़ी कारवाई होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद के रामचरितमानस व अन्य हिंदू धार्मिक ग्रंथ पर टिप्पणी करने से वह एक हिंदू और ब्राह्मण होने के चलते बहुत आहत और व्यथित हैं। उनके खिलाफ सिविल लाइंस थाने में कारवाई के लिए तहरीर देकर मैने हिंदू और ब्राह्मण धर्म का पालन किया है। जब उनसे सवाल किया गया कि अभी जल्द ही विपक्ष ने आगामी लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी और भाजपा को हराने के लिए इंडिया गठबंधन बनाया है। तो क्या ऐसे बयानों से सपा और कांग्रेस के रिश्ते खराब होने से इंडिया गठबंधन में दरार पड़ेगा और विपक्षी एकता खत्म होगी तो पीसीसी सदस्य ने दो टूक कहा कि हिंदू धर्म, उसके धर्मग्रंथों, देवी देवताओं का अपमान वह किसी कीमत पर सहन नहीं करेंगे। इस मामले में कांग्रेस पार्टी का क्या रुख होगा उससे फर्क नहीं पड़ता। वह हिंदू धर्म का अपमान करने वाले के खिलाफ पूरी दमदारी से लड़ेंगे चाहे कोई कीमत चुकानी पड़े। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा का कहना है कि गंगाराम शर्मा ने अपना बयान वापस ले लिया था। पंडित देशराज शर्मा द्वारा सपा नेता के खिलाफ कारवाई करने के लिए तहरीर देने की जानकारी पार्टी के प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व को दी जा रही है। पार्टी लाइन के खिलाफ जाने वालों पर पार्टी नेतृत्व निर्णय लेगी।

बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी, की दीर्घायु की कामना

मुरादाबाद-भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षा बंधन गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधकर भाईयों की दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं भाईयों ने बहनों को विभिन्न उपहार भेंट स्वरूप दिए।

रक्षा बंधन को लेकर महानगर में काफी चहल पहल देखी गई। लोग विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना करते नजर आए। महानगर में बुधवार देर रात से ही राखी बांधने का सिलसिला शुरु हो गया था। बहनों ने पहले भाई की आरती उतारी और टीका लगाकर राखी बांधी।

बहनों ने अपनी प्यारी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन दिया। हर उम्र के लोगों में पर्व मनाने को लेकर उत्साह देखने को मिला। छोटी बहनों ने अपनी नन्हें मुन्नें भाईयों ने को राखी बांधकर अपना प्यार साझा किया। दूसरी ओर बुजुर्ग भाई बहनों ने भी त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया। उधर बाजारों में खूब रौनक देखने को मिली।

लेकिन, रेलवे और बस स्टेशन पर यात्रियों की बहुत ज्यादा भीड़ देखने को मिली। यात्रियों को बैठने की सीटों के लिए मारा मारी करनी पड़ी।

पांच लाख दो.. नहीं तो जान से हाथ धो बैठोगे, बदमाशों ने रेलवे कर्मी से मांगी रंगदारी

मुरादाबाद-सीओ कटघर डॉ. गणेश गुप्ता ने बताया कि जैतिया साहदुल्लापुर निवासी टिंकू और पप्पू के खिलाफ रंगदारी मांगने और धमकी देने का केस दर्ज कराया है। घटना की पूरी जांच करवाई जा रही है। पीड़ित परिवार सुरक्षा दी जा रही है। रेलवे कर्मचारी से फोन पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। आरोप है कि रुपये नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने और नौकरी नहीं करने देने की धमकी भी मिल रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मूलरूप से कटघर के जैतिया सादुल्लापुर निवासी मित्रपाल सिंह ने बताया कि वह रेलवे में ट्रेन मैनेजर के पद पर तैनात हैं। वर्तमान में उनकी ड्यूटी मुरादाबाद रेल मंडल में चल रही है। वह परिवार के साथ मझोला के खुशहालपुर बैंक कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को उनके पास गांव के ही ब्रजकिशोर का फोन आया। उसने बताया कि टिंकू और पप्पू उसके पास आए थे। उन्होंने ब्रजकिशोर से कहा कि ट्रेन मैनेजर मित्रपाल से पांच लाख रुपये की रंगदारी लेनी है। इसके बाद तीन बार ब्रजकिशोर ने कॉल कर इसकी जानकारी उसे दी। जिसकी ऑडियो रिकार्डिंग मोबाइल में सुरक्षित है। पप्पू को पांच लाख रुपये दे दें, वह बार-बार फोन कर कह रहा है कि रकम नहीं मिली तो हम उसे नौकरी नहीं करने देंगे और झूठा मुकदमा लिखवाकर या खुद को गोली मारकर या चोट पहुंचाकर मित्रपाल को फंसा देंगे। उसे नौकरी करना भूला देंगे। आरोपियों ने यह भी धमकी दी कि पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। हमारे खिलाफ पहले ही केस दर्ज हैं एक दो केस और हो जाएंगे तो क्या असर पड़ेगा। धमकियां मिलने के बाद पीड़ित बहुत डरा है। उसने इस मामले की शिकायत कटघर थाने में की लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। तब पीड़ित ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया। सीओ कटघर डॉ. गणेश गुप्ता ने बताया कि जैतिया साहदुल्लापुर निवासी टिंकू और पप्पू के खिलाफ रंगदारी मांगने और धमकी देने का केस दर्ज कराया है।

पहले सुगम्य पुस्तकालय में अध्ययन करेंगे दिव्यांग

मुरादाबाद-महानगर के दांग स्कूल में तैयार हो रहा पुस्तकालय, ब्रेल लिपि की किताबें रहेंगी, एक साथ 20 पढ़ सकेंगे दिव्यांग जल्द ही पहले सुगम्य पुस्तकालय में पढ़कर अपना भविष्य संवार सकेंगे। महानगर के दांग स्कूल में यह पुस्तकालय बन रहा है। इसमें ब्रेल लिपि की किताबें उपलब्ध रहेंगी। जिसका निशुल्क उपयोग वह पढ़ाई में सहूलियत के लिए कर पाएंगे। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव की पहल पर पुस्तकालय का निर्माण शुरू है। हाल बनकर तैयार हो चुका है। इसमें ब्रेल लिपि की किताबों का भंडारण अलग-अलग रैक में रहेगा। उनके सहयोग के लिए यहां विशेष अध्यापक की तैनाती रहेगी। जो पढ़ाई में मार्गदर्शन देंगे। यह मंडल के पांचों जिलों में अपनी तरह का पहला पुस्तकालय होगा जो केवल दिव्यांगों के लिए बन रही है।पुस्तकालय में एक साथ 20 दिव्यांग बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। उन्हें पाठ्यक्रम के अलावा अन्य उपयोगी पुस्तकें यहां पढ़ने को मिलेंगी। इस पुस्तकालय में दिव्यांगों के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे बैठने के लिए आरामदायक कुर्सियां, मेज, शौचालय और पुस्तकालय तक पहुंचने के लिए रैंप भी बनाया जा रहा है। जिससे अस्थि दिव्यांग भी यहां आसानी से पहुंच कर अपने भविष्य को रोशन कर सके। देहरादून और दिल्ली से मंगाई गई हैं किताबें-सुगम्य पुस्तकालय में दिव्यांगों को ब्रेल लिपि की जो किताबें पढ़ने के लिए मिलेंगी उसे देहरादून और दिल्ली से मंगाई गई है। इन किताबों से दिव्यांगों को बेहतर मार्गदर्शन मिलेगा। आडियो बुक से श्रवण बाधित दिव्यांग लेंगे ज्ञान- जो दिव्यांग सुनने में अक्षम होंगे उनके लिए आडियो बुक पुस्तकालय में रहेगा। साथ ही दृष्टि बाधित और श्रवण बाधित दिव्यांगों को भी लाइब्रेरी में पेंटिंग आदि करने के लिए अवसर मिलेगा। इसके लिए अलग से कंप्यूटर लगा है।पुस्तकालय में दिव्यांगों के लिए ब्रेल लिपि की किताबें रहेंगी। इसके अलावा मूलभूत सुविधाएं भी मिलेंगी। इसमें एक साल 20 दिव्यांग पढ़ाई कर सकेंगे। यह पुस्तकालय निशुल्क है। इस पुस्तकालय का बहुत जल्द उद्घाटन होगा। -बुद्धप्रिय सिंह, एडी बेसिक शिक्षा मंडलायुक्त, जिलाधिकारी की प्रेरणा से दांग स्कूल में सुगम्य पुस्तकालय दिव्यांगों के लिए बनकर लगभग तैयार है। अगले सप्ताह इसका उद्घाटन होने की उम्मीद है। इस पुस्तकालय में दिल्ली और देहरादून से मंगाई गई ब्रेललिपि की किताबों के अलावा 2 लाख रुपये के कंप्यूटर से आडियो बुक का भी प्रबंध है। -सुमित यादव, मुख्य विकास अधिकारी

मुरादाबाद की शिल्पी ने पूरा किया पिता का सपना, दूसरे प्रयास में पाई सफलता

मुरादाबाद-पीसीएसजे में चयन होने के बाद शिल्पी ने बताया कि पिता का सपना था कि मैं न्यायिक सेवा में जाऊं। उनके पिता चंदौसी के वरिष्ठ क्रिमिनल लॉयर थे। मेहनत के साथ दूसरे प्रयास में यह सफलता मिली। मूलरूप से चंदौसी निवासी डॉ. शिल्पी गुप्ता ने पीसीएस जे में 144रैंक प्राप्त की है। वर्ष 2014 से आईएफटीएम में पढ़ा रही हैं। वह विवि परिसर रहतीं हैं। डॉ. शिल्पी आईएफटीएम में विधि विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उन्होंने बताया कि परिवार में भाई धीरज प्रकाश गुप्ता, भाभी प्रगति वार्ष्णेय, बहन शिखा गुप्ता हैं। कहतीं है कि मेरे पिता वेद प्रकाश गुप्ता का सपना था कि मैं न्यायिक सेवा में जाऊं। मेरे पिताजी चंदौसी के वरिष्ठ क्रिमिनल लॉयर थे। यह मेरा दूसरा प्रयास था। इससे पहले वर्ष 2018 में में साक्षात्कार तक पहुंची थी। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाते हुए मैंने स्वाध्याय किया। वर्ष 2010 में पिता और माता कमला गुप्ता का निधन हुआ था। इसके बाद भाई, भाभी और बहन ने हर कदम पर प्रोत्साहित किया। अब मेरा सपना है कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिला पाऊं। स्कूल में बनवाई नक्षत्रशाला, अब सीएम देंगे सम्मान शहर निवासी बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिका सरिता देवी का चयन राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए किया गया है। उन्हें सीएम योगी आदित्यनाथ सम्मानित करेंगे। सरिता कंपोजिट विद्यालय लोधीपुर राजपूत में सहायक अध्यापिका हैं। उन्हें 2020 में इस विद्यालय में तैनाती मिली थी।तब इस विद्यालय में 260 विद्यार्थी थे, अब संख्या 320 है। उन्होंने विद्यालय में नक्षत्रशाला स्थापित कराई। सरिता ने बताया कि उन्होंने ग्राम प्रधान, समाज सेवी संस्थाओं को अपने साथ जोड़ा। बच्चों के बौद्धिक स्तर को देखकर सभी मदद करने को तैयार हो गए। अपनी आय का एक हिस्सा भी खर्च किया। इसके जरिये स्कूल में 10 लाख रुपये से जीर्णोद्धार कार्य हुआ। स्कूल में नक्षत्रशाला स्थापित की गई। बच्चों के अलावा इसे ग्रामीणों के लिए भी खोला गया। यहां विद्यार्थियों को ग्रह, नक्षत्रों व खगोल पिंडों का अध्ययन करने का अनुभव हुआ। शिक्षिका के मुताबिक जिले के किसी अन्य सरकारी विद्यालय में ऐसी नक्षत्रशाला नहीं है। इसके अलावा बच्चों को अंग्रेजी में वाक कौशल सिखाया जा रहा है। इन सब कार्यों के आधार पर सरिता ने राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन किया था, स्वीकार कर लिया गया।

जेल में बंद भाइयों को राखी बांधने पहुंची बहनें, एक-दूसरे का हाल पूछा तो छलके आंसू

मुरादाबाद-मुरादाबाद जेल परिसर में राखी बांधने आई महिलाओं के लिए खास इंतजाम किए गए थे। इसके लिए अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया था। जेल में बंद भाइयों को राखी बांधने के दौरान कई महिलाओं के आंसू छलक पड़े। मुरादाबाद के जिला कारागार में रक्षाबंधन के पर्व पर बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए पहुंची। सुबह से ही बड़ी संख्या में बहनें जेल परिसर में पहुंचने लगी थी। जेल प्रबंधन की ओर से राखी और मिठाइयों का प्रबंध किया गया। उनके बैठने और अन्य सुविधाओं के लिए अतिरिक्त कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। मुरादाबाद जेल में सुबह से ही भारी भीड़ नजर आ रही थी।

बड़ी संख्या में पहुंची बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान जेल परिसर के आसपास सुरक्षा के तगड़े इंतजाम रहे। तलाशी के बाद ही लोगों को आने-जाने दिया गया। जेल अफसरों के मुताबिक मुहूर्त देखते हुए बहनों को पर्व मनाने का मौका दिया गया। सलाखों के पीछे कैद भाइयों के लिए आज का दिन खास रहा। बहनें आज उनकी कलाई पर राखी बांधने पहुंचीं। मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल, बरेली समेत दूरदराज इलाकों से पहुंची महिलाओं ने भाई की कलाई पर राखी बांधी। कई भाई-बहनों की मुलाकात महीनों बाद हो रही थी। अपने भाई का हाल देख तमाम बहनों की आंखें में आंसू आ गए। दोनों ने एक-दूसरे का हाल-चाल पूछा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

संस्थागत प्रसव न होने की बजह से अपंजीकृत व घरेलू प्रसव हावी

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- जिले में हो रहे अपंजीकृत और घरेलू प्रसव संस्थागत प्रसव बढ़ाने के गणित को बिगाड़ रहे हैं। जबकि संस्थागत प्रसव केंद्र पर नर्सिंग होम पर सेटिंग्स की बजह से संस्थागत प्रसव कम होने लगे हैं, संस्थागत प्रसव पर आए दिन स्वास्थ्य अधिकारियों को जिला, मंडल स्तर पर अधिकारियों के कोप का भाजक बनना पड़ रहा है। नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. सुधीर मोहन ने बताया कि जून में 3031 संस्थागत प्रसव का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसमें से जिले में 3096 प्रसव हुए हैं। इसमें से 1971 संस्थागत प्रसव हुए हैं जबकि 693 प्राइवेट नर्सिंगहोम, मैटरनिटी होम में कराए गए हैं। साथ ही 231 अपंजीकृत और 201 घरेलू प्रसव कराए गए। इसी प्रकार जुलाई में संभावित प्रसव लक्ष्य 3445 निर्धारित किया गया। उसके सापेक्ष जिले में 3711 प्रसव कराए गए। उसमें संस्थागत प्रसव 2363, प्राइवेट अस्पतालों में 892, अपंजीकृत में 222 और घरेलू प्रसव 231 कराए गए हैं, नोडल अधिकारी का मानना है कि यदि अपंजीकृत और घरेलू प्रसव होना रुक जाये। उससे संस्थागत प्रसव बढ़ने की पूरी संभावना है, जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। तीन में से दो फर्स्ट रेफरल यूनिट पर हो रहे ऑपरेशन एटा। नोडल अधिकारी ने बताया कि तीन फर्स्ट रेफरल यूनिट में से दो पर ही एनेस्थेटिक और सर्जन मौजूद। जहां गर्भवती के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जलेसर, एमसीएच विंग में ही ऑपरेशन करने की सुविधा है। जहां पर प्रतिमाह आठ से दस गर्भवती के ऑपरेशन करने का कार्य किया जा रहा है। स्त्री-प्रसूति रोग चिकित्सक न होने से ऑपरशेन नहीं हो पा रहे हैं।

लिमरा इंटरनेशनल स्कूल एटा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त एक्शन प्लान के अन्तर्गत तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / जनपद न्यायाधीश, एटा के निर्देशानुसार दिनांक 29-08-2023 को श्री कमालुद्दीन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा के तत्वावधान में लिमरा इंटरनेशनल स्कूल, एटा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को शिक्षा के अधिकारों के संबंध विस्तृत जानकारी प्रदान करायी गयी साथ यह भी अवगत कराया गया कि यदि किसी छात्र के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा होती है तो अपनी समस्या के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा से विधिक जारकारी प्राप्त कर सकते है। इसी क्रम में सुश्री जागृति चतुर्वेदी प्रबन्धक वनस्टाप सेन्टर एटा, द्वारा उपस्थि छात्र छात्रों को महिलाओं के हित संरक्षण एवं उन पर होने वाली घरेलू हिंसा से बचाव व उनके अधिकार तथा महिला हेल्प लाईन न0-181 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करायी गई। इस अवसर सुश्री जागृति चतुर्वेदी प्रबन्धक वनस्टाप सेन्टर एटा, श्री योगेश कुमार सक्सैना एड0/ मीडियेटर एवं प्रधानाचार्या, लिमरा इंटरनेशनल स्कूल, एटा एवं अध्यापिकाएँ, छात्राएँ एंव कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण को दी गयी भावभीनी विदाई

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-वरिष्ठ अधिकारियों ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारीगण को दी गयी भावभीनी विदाई। आज दिनांक - 31-08-2023 को पुलिस विभाग में निरन्तर सेवा प्रदान करते हुये अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस विभाग के कर्मचारीगण से उनका परिचय प्राप्त करते हुये कर्मियों से उनके सेवाकाल के अनुभव के विषय में जानकारी की गयी।

विदाई समारोह में शॉल व माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके सुखद एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना की गयी। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से भविष्य में किसी भी समस्या, शिकायत अथवा सहायता के लिए नि:संकोच होकर अपनी बात रखने के लिए बताया गया।

गर्भवती को अस्पताल लाने और छोड़ने के लिए एंबुलेंस काम नहीं कर रहीं

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- ब्लॉक मारहरा के गांव पिदौरा से दिव्यांग गर्भवती को प्रसव को लाने के लिए आशा, पति ने कईबार एंबुलेंस को कॉल किया। एंबुलेंस के न पहुंचने पर दिव्यांग पति टेंपो से गर्भवती पत्नी को लेकर एमसीएच विंग पहुंचा। एमसीएच विंग टेंपो से पहुंचे पिदौरा निवासी दिव्यांग हर्षवर्धन ने बताया कि सुबह से उसकी दिव्यांग गर्भवती पत्नी रूपवती को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई, जिसकी सूचना उसने गांव की आशा शबीन बानो को दी। सूचना पर आशा घर पहुंच गई। घर से ही उसने 102 एंबुलेंस को बुलाने के लिए कॉल किया। कॉल रिसीव हुआ और जल्द पहुंचने की बात कही गई। इसके बार आशा ने दो बार और पति ने भी दो-तीन बार एंबुलेंस के लिए कॉल किया। जिस पर उनको बताया गया कि ब्लॉक मारहरा क्षेत्र की एंबुलेंस व्यस्त है। जलेसर से एंबुलेंस भेजी जा रही है। पहुंचने में समय लगेगा, जिसके बाद आशा और पति दिव्यांग गर्भवती को टेंपो से लेकर मेडिकल कालेज की एमसीएच विंग में पहुंचे। जहां पर प्रसव पीड़ा से परेशान गर्भवती को भर्ती कराया जा सका। दिव्यांग हर्षवर्धन ने बताया कि गांव से एटा आने का टेम्पों ने पांच सौ रुपये किराया लिया है। जनपद में डिलीवरी की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में थोड़ी बहुत समस्या होना स्वभाविक है। पिदौरा की दिव्यांग गर्भवती को एंबुलेंस न मिलने का मामला संज्ञान में नहीं है। ऐसा हुआ तब उसकी जांच करायी जाएगी।- डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी, सीएमओ, एटा।

तीन शातिर अपराधियों पर थाना कोतवाली देहात द्वारा एन.एस.ए (रासुका) किया गया तामील

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- अंतर्राज्यीय गिरोह के डकैती/गौ-तस्करी/गौकशी करने वाले तीन शातिर अपराधियों पर थाना कोतवाली देहात द्वारा एन.एस.ए (रासुका) किया गया तामील ।विवरण- थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम पवास में दिनांक 01/02.05.2023 को तथा ग्राम लखमीपुर में दिनांक 02/03.05.2022 को गोकशी की दो घटना हुई थी जिसमें तत्समय थाना स्थानीय पर क्रमशः मुअस-201/2023 धार 3/5/8 उत्तर प्रदेश गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं मुअस- 202/2023 धार 395, 397 भादवि 3/5/8 उत्तर प्रदेश गोवध अधिनियम पंजीकृत कर दोनों अभियोगों में प्रकाश में आए कुल 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आज दिनांक 30.08.2023 को जिला कारागार एटा में निरुद्ध 03 अभियुक्तों के विरुद्ध एन.एस.ए (रासुका) के तहत कार्यवाही की गई है। जिनका विवरण निम्नवत है।

1. मोहम्मद आसिफ पुत्र युसूफ उर्फ पनवा मोहल्ला कोटला मेवातियान कस्बा व थाना कोतवाली हापुड़ जनपद हापुड़। 2. अंसार पुत्र अनवार निवासी ग्राम मोर्चा थाना राजा का रामपुर जनपद एटा। 3. मोहसिन पुत्र अब्दुल हकीम निवासी मोहल्ला कोटपूर्वी कुरेशियान शेल्टर हाउस कस्बा व थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा। हालपता सुभाष मोहल्ला मोचपुर, दिल्ली। जिला कारागार में निरुद्ध उपरोक्त अभियुक्तों को नोटिस तामील कराकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

श्रावणी पूर्णिमा रक्षाबंधन के अवसर पर करणी सेना ने की भव्य खारुन गंगा महाआरती

प्रवीण शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

रायपुर छत्तीसगढ़ - महादेव घाट रायपुर करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में करणी सेना एवं माँ खारुन गंगा महाआरती महादेव घाट जनसेवा समिति द्वारा आयोजित 卐खारुन गंगा महाआरती卐 निरंतर क्रम में श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर 10वीं बार गरिमामय रूप से संपन्न हुई।

कार्यक्रम का आगाज़ समुधुर भजनों की सुरम्य प्रस्तुति से हुआ जिनकी स्वर लहरियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन में मुख्य अतिथि एवं यजमान के रूप में दूधाधारी मठ के महंत एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त आचार्य रामसुंदर दास जी की उपस्थिति रही। आरती के पूर्व समस्त आगंतुकों ने एक साथ एक स्वर में भारत की सभी नदियों के प्रति कृतज्ञ रहने एवं उन्हें स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ ली। आरती बनारस की तर्ज पर रायपुर के प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा संपूर्ण विधि-विधान से संपन्न हुई। आरती में अगरबत्ती, धूप, दीपक द्वारा माँ खारुन गंगा मैया एवं बाबा हटकेश्वर महादेव का पूजन किया गया। आगंतुक श्रद्धालुओं को दीप वितरित किये गए जिन्हें आरती पश्चात् नदी में प्रवाहित किया गया। इस बार की आरती में प्रमुख रूप से माताओं-बहनों ने रक्षाबंधन के अवसर पर अपने भाइयों की सुरक्षा हेतु हटकेश्वर महादेव से प्रार्थना की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को खीर प्रसादी का वितरण किया गया। इस आरती में पूर्व महीनों में विधायक श्री प्रमोद शर्मा, श्री ईशान वैष्णव, राघव महाराज, शंकराचार्य पीठ रायपुर के प्रमुख डॉ. इंदुभवानंद ब्रह्मचारी, विधायक श्री विकास उपाध्याय, आई एन एच न्यूज़ के बिज़नेस हेड श्री नीलेश द्विवेदी, सुप्रसिद्ध गायक श्री दिलीप षड़ंगी, क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत, सद्गुरु श्री रितेश्वर जी महाराज आदि प्रमुख यजमान के रूप में उपस्थित रह चुके हैं। श्री तोमर के अनुसार यह आरती पुण्य फल प्रदायिनी है साथ ही यह नागरिकों को नदी की स्वच्छता एवं पवित्रता के प्रति जागरूक भी कर रही है। प्रति माह यह आरती विशाल से विशालतम स्वरूप लेती जा रही है और हज़ारों की संख्या में आगंतुक श्रद्धालु इस आरती का लाभ ले रहे हैं। साथ ही इस महाआरती से प्रभावित होकर देशभर में अन्य स्थानों पर भी लोक नदियों के पूजन का आयोजन किया जा रहा है। इस आरती के माध्यम से सनातनी श्रद्धालुओं का बड़ी संख्या में एकत्रीकरण भी हो रहा है।

